दैनिक भास्कर 13/09/2022

# नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में नशा मुक्त भारत नामक अभियान से संबंधित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इस दौरान अम्बाला कैंट के जीएमएन कॉलेज में भी सेकंड हरियाणा बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने सीधा प्रसारण देखा और नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। कमान अधिकारी कर्नल परमिंद्र सिंह, एडम ऑफिसर कर्नल प्रेम सिंह विशेष रुप से मौजूद रहे। इस दौरान 210 कैडेट्स, 6 पीआई स्टाफ व 6 एनओ व केयर टेकर भी मौजूद रहे।